बरेली में 40 हजार के नकली नोट के साथ दो गिरफ्तार, 4 अन्य फरार

बरेली: नवाबगंज थाने की पुलिस ने नकली करेंसी के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया. उनके पास से 40 हजार रुपये के 500 रुपये के नकली नोट बरामद किए गये. सूचना के बाद नवाबगंज थाने की टीम मौके पर पहुंची. वहां छह आरोपी खड़े हुए थे. वह पुलिस को देखकर भागने लगे. इनमें से पुलिस ने दो आरोपी आसिफ और शोएब को पकड़ लिया. इनके पास से 500 रुपये के 80 नकली नोट बरामद किये गये. नवाबगंज के क्षेत्राधिकार हर्ष मोदी ने बताया कि आरोपी बाजार में नकली नोट खपाने की फिराक में थे. 4 की तलाश जारी है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/snippets/!state/two-arrested-with-fake-40-thousand-rupee-notes-in-bareilly-4-others-absconded-ups24091505419